दैनिक
प्रातः कालीन
# क्यूँ न लिखूँ सच
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र
मुरादाबाद से प्रकाशित
Title Code UPBIL 05086
वर्ष :- 01 अंक :- 275 मुरादाबाद 01 February 2022 (Tuesday) पृष्ठ :- 06 मूल्य : 3.00 रुपये
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ



## चुनाव प्रचार के नियमों में आयोग ने दी ढील, एक हजार लोगों की सभा को मंजूरी; 20 लोग घर-घर जाकर करेंगे प्रचार



भारत निर्वाचन आयोग ने आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर नई गाइडलाइन जारी की है। इसके मुताबिक अब डोर टू डोर कैंपेन के लिए 10 की जगह 20 लोगों की इजाजत होगी। वहीं इनडोर बैठक में अब 300 की जगह 500 लोग शामिल हो सकते हैं। बता दें कि COVID-19 मामलों में वृद्धि के बीच, चुनाव आयोग ने 22 जनवरी को फिजिकल रैलियों और रोड शो पर प्रतिबंध को 31 जनवरी तक बढ़ा दिया था। पिछली बैठक में पहले-दूसरे चरण के लिए रैली की इजाजत मिली थी। आयोग ने 22 जनवरी को राजनीतिक दलों या चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों की फिजिकल जनसभाओं के लिए 28 जनवरी से अनुमति दी थी और चरण 2 के लिए 1 फरवरी से छूट दी थी। इसके मुताबिक अब 500 की जगह 1000 लोगों की सभा की इजाजत होगी।

### चुनाव आयोग की नई गाइडलाइन


1. 11 फरवरी, 2022 तक किसी भी रोड शो, पद-यात्रा, साइकिल/बाइक/वाहन रैलियों और जुलूसों की अनुमति नहीं दी जाएगी।

2. आयोग ने अब राजनीतिक दलों या चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों की अधिकतम 1000 व्यक्तियों (मौजूदा 500 व्यक्तियों के बजाय) या एसडीएमए द्वारा निर्धारित सीमा या जमीन की क्षमता के 50त्न के साथ (जो भी कम हो) निर्दिष्ट खुले स्थानों में फिजिकिल सार्वजनिक बैठकों की अनुमति देने का निर्णय लिया है।

3. आयोग ने घर-घर जाकर प्रचार करने की सीमा भी बढ़ा दी है। घर-घर जाकर प्रचार करने के लिए अब 10 लोगों की जगह सुरक्षाकर्मियों को छोड़कर 20 लोगों को अनुमति दी जाएगी। घर-घर जाकर अभियान चलाने के अन्य निर्देश जारी रहेंगे। 4. आयोग ने अब राजनीतिक दलों के लिए अधिकतम 500 व्यक्तियों (मौजूदा 300 व्यक्तियों के बजाय) या हॉल की क्षमता का 50% या एसडीएमए द्वारा निर्धारित निर्धारित सीमा की इनडोर बैठकों की अनुमति है। 5. राजनीतिक दल और चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवार चुनाव से जुड़ी गतिविधियों के दौरान सभी अवसरों पर COVID उचित व्यवहार और दिशा-निर्देशों और आदर्श आचार संहिता का अनुपालन सुनिश्चित करेंगे। 7. 8 जनवरी 2022 को जारी चुनावों के संचालन के लिए संशोधित व्यापक दिशा-निर्देश, सभी शेष प्रतिबंध लागू रहेंगे। इससे पहले COVID प्रतिबंधों के साथ निर्दिष्ट खुले स्थानों पर प्रचार के लिए सुरक्षा कर्मियों और वीडियो वैन को छोड़कर, डोर टू डोर अभियान के लिए पांच व्यक्तियों की सीमा को 10 व्यक्तियों तक किया गया था जिसे अब बढ़ाकर 20 कर दिया है। बता दें कि यूपी, पंजाब, उत्तराखंड, गोवा और मणिपुर में पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव 10 फरवरी से 7 मार्च के बीच होंगे। मतों की गिनती 10 मार्च को की जाएगी। चुनाव आयोग ने कहा कि सभी राज्य मुख्य सचिवों ने आयोग को बताया कि संक्रमण दर में गिरावट दिख रही है और अस्पताल में भर्ती होने के मामलों की संख्या में भी गिरावट दर्ज की जा रही है। राज्य के अधिकारियों ने हालांकि कहा कि कोविड प्रोटोकॉल सावधानियों को जारी रखने की आवश्यकता है ताकि अत्यधिक राजनीतिक गतिविधि के कारण तीव्र सार्वजनिक संपर्क के कारण कोरोना मामलों में उछाल न हो।

## योगी जी जागने वाले नेता, अखिलेश यादव के सपने पर पीएम मोदी ने यूं का तंज

उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव को लेकर पीएम मोदी ने वर्चुअल रैली %जन चौपाल% में समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव पर जमकर निशाना साधा। इस दौरान पीएम मोदी ने अखिलेश के सपने पर भी तंज कसा और कहा कि सपने तो उन्हें आते हैं जो सोता रहता है। पीएम ने कहा कि योगी जी जागने वाले नेता हैं और संकल्प लेने वाले नेता हैं। पीएम मोदी ने कहा, ''मैं कभी-कभी सुनता हूं कि कुछ लोगों को सपने आते हैं। आप सबको मालूम है, सपने किसको आते हैं, जो सोता रहता है। जो जागता है वो संकल्प लेता है, योगी जी जागने वाले नेता है, संकल्प करने वाले नेता हैं। यही फर्क है कि जो यूपी के लोग अच्छी तरह समझ रहे हैं।'' पीएम मोदी ने कहा वे लोग (सपा सरकार) सिर्फ



सपना दिखाते थे, डबल इंजन की सरकार सपने पूरे करती है। गौरतलब है कि पिछले दिनों अखिलेश यादव ने कहा था कि भगवान श्रीकृष्ण उनके सपने में आते हैं और कहते हैं कि यूपी में समाजवादी पार्टी की सरकार बनने जा रही है। उन्होंने कहा कि कोई ऐसा दिन नहीं जाता जब भगवान उनके सपनों में नहीं आते। अखिलेश के इस बयान पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी पलटवार किया था और कहा था कि भगवान उन्हें सपने में कोसते होंगे कि सत्ता आते ही मथुरा में दंगा करा दिया था।

## प्रियंका गांधी उत्तराखंड में जारी करेंगी कांग्रेस का घोषणा पत्र,मंहगाई सहित इन मुद्दों पर रहेगा फोकस



मंहगाई से राहत और बेरोजगारी पर अंकुश। कांग्रेस इसी थीम के साथ अपना चुनावी घोषणा पत्र जनता के सामने रखेंगी। कांग्रेस ने इस घोषणा पत्र की जगह 'उत्तराखंडी स्वाभिमान प्रतिज्ञा पत्र% नाम दिया है। दो फरवरी को राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा इसे दून में जारी करेंगी। प्रियंका का दो फरवरी का कार्यक्रम तय होते ही कांग्रेस ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। प्रियंका का यह पहला चुनावी दौरा होगा।हालांकि पहले उनका एक बार श्रीनगर और अल्मोड़ा में जनसभा का कार्यक्रम तय हुआ था। लेकिन कोविड 19 संक्रमण बढ़ने पर कांग्रेस ने संवेदनशीलता दिखाते हुए खुद ही इस कार्यक्रम को स्थगित कर दिया। दो फरवरी को प्रियंका दून से वर्चुअल रैली को संबोधित करेंगी। सभी 70 विधानसभा क्षेत्रों में रैली का लाइव प्रसारण किया जाएगा।

## राकेश टिकैत ने केंद्र पर वादाखिलाफी का आरोप लगाया, बोले- किसान लंबे संघर्ष के लिए तैयार रहें



किसान नेता राकेश टिकैत ने सोमवार को किसानों के मामले को लेकर फिर केंद्र सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने केंद्र पर देश के किसानों के साथ वादाखिलाफी करने का आरोप लगाया। टिकैत ने कू करके कहा, 卐देश के किसानों के साथ वादाखिलाफी कर किसानों के घाव पर नमक छिड़कने का काम किया गया है। किसानों के साथ हुए इस विश्वासघात से यह स्पष्ट है कि देश का किसान एक लंबे संघर्ष के लिए तैयार रहें। टिकैत ने एक ट्वीट में कहा, 卐किसानों के परिवारों ने आंदोलन में अपने 700 से अधिक प्रियजनों को खो दिया है। किसान पिछले साल के इन दिनों को कभी नहीं भूलेंगे। एमएसपी किसानों की रीढ़ है और किसान चाहते हैं कि एमएसपी गारंटी कानून खेती का भविष्य बचाए! लड़ाई जारी है, लड़ाई जारी रहेगी।''

### वापस लिए गए थे केंद्रीय कृषि कानून

गौरतलब है कि पिछले साल 19 नवंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने घोषणा की थी कि केंद्रीय कृषि कानूनों को निरस्त करने के लिए संसद के शीतकालीन सत्र में आवश्यक विधेयक लाया जाएगा। शीतकालीन सत्र के पहले दिन लोकसभा और राज्यसभा दोनों ने कृषि कानून को निरस्त करने वाला विधेयक पारित किया। राष्ट्पति राम नाथ कोविंद ने भी तीन कृषि कानूनों को निरस्त करने की प्रक्रिया को पूरा करने वाले विधेयक को अपनी सहमति दे दी ।

### क्या भाजपा के खिलाफ प्रचार करेंगे टिकैत?

चुनाव में भाजपा के खिलाप प्रचार किए जाने के सवाल पर टिकैत ने कहा, ''हमारी ऐसी कोई योजना नहीं है। मैं राजनेता नहीं हूं, मैं राजनीतिक दलों से दूर रहता हूं। मैं केवल किसानों के मुद्दों के बारे में बात करता हूं और लोगों से अपने नेताओं से सवाल करने का आग्रह करता हूं। मैं किसानों के मुद्दे उठाता रहूंगा।''

## भाजपा और कांग्रेस ने जनता को ठगा – सपा प्रत्याशी सतपाल ठुकराल



दुर्गेश तिवारी
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

रुद्रपुर- रुद्रपुर विधानसभा सीट से समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी सतपाल सिंह ठुकराल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस ने उत्तराखंड की जनता को ठगा है। जिससे जनता त्रस्त हो चुकी है और इस बार जनता परिवर्तन करेगी और समाजवादी पार्टी की विचारधारा को आत्मसात करते हुए साइकिल चुनाव चिन्ह को अपना समर्थन देगी ।समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी ठुकराल जनता से संपर्क कर रहे थे। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड गठन के बाद कांग्रेस और भाजपा की सरकार रही है ।लेकिन दोनों ही नाकाम साबित हुई हैं इस बार जनता समाजवादी पार्टी के पक्ष में आएगी और समाजवादियों को आगे लाएगी। उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी में भी जनता दर-दर भटकती रही और उन्हें ठगा गया। बाढ़ आपदा में भी भाजपा ने अपने चहेतों को चेक बांट दिए। लेकिन गरीब जनता सुविधाओं से दूर रही। इस दौरान राम सिंह सागर ,जिला प्रवक्ता मुखतार अहमद, अमन ठुकराल, उज्जवल ठुकराल, कश्मीर सिंह, मनजीत सिंह ,सुनील जाटव ,राधा कृष्ण, प्रवीण खान ,सुमन पंत, रिचा सिंह, शशि देवी ,नूर बानो, सलमा , हरसिमरत कौर ,मनसा देवी आदि तमाम कार्यकर्ता मौजूद थे ।

## भाजपा प्रत्याशी शिव अरोरा के समर्थन में मेयर रामपाल सिंह का वार्डों में डोर टू डोर जनसंपर्क किया

दुर्गेश तिवारी
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

रुद्रपुर।- भाजपा प्रत्याशी शिव अरोरा के समर्थन में मेयर रामपाल सिंह का वार्डों में डोर टू डोर जनसंपर्क जारी है। आज मेयर रामपाल सिंह ने कार्यकर्ताओं के साथ वार्ड नं 3 राय कालोनी एवं पटेल नगर में जनसंपर्क कर भाजपा सरकार के पक्ष में भारी मतदान की अपील की। उन्होंने कहा कि भाजपा प्रत्याशी की जीत तय है। रुद्रपुर की जनता भाजपा प्रत्याशी को भारी मतों से जीतकर विरोधियों को सबक सिखाएगी। मेयर रामपाल सिंह ने कहा प्रदेश में एक बार फिर प्रचण्ड बहुमत से भाजपा की सरकार बनने जा रही है। जनता का आशीर्वाद पूरी तरह भाजपा के साथ है। प्रदेश की जनता यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति कृतज्ञ है। जो मुमकिन नहीं था डबल इंजन की सरकार में वह भी



मुमकिन हो पाया है। देश आज किसी भी प्रकार की चुनौती का सामना करने के लिए तैयार है। देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों में सुरक्षित है। भाजपा सरकार ने जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से लोगों के घरों में खुशियां पहुंचाई है। प्रदेश की धामी सरकार ने रूद्रपुर की सबसे ब?ी नजूल भूमि की समस्या का समाधान करके जनता को सौगात दी है। प्रदेश में विकास कार्यों को अनवरत जारी रखने के लिए एक बार फिर भाजपा की सरकार बनना जरूरी है। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड का भविष्य भाजपा के हाथों में ही सुरक्षित है। उन्होंने 14 फरवरी को भाजपा के पक्ष में अधिक से अधिक मतदान की अपील की। इस दौरान उत्तरी मंडल अध्यक्ष राकेश सिंह, पार्षद विधान राय, शिव कुमार गंगवार ,धीरज गुप्ता, सुरेश विश्वास, कृष्णा पाल राठौर,किशन पाल गंगवार आदि भी शामिल थे।

## कांग्रेस को रुद्रपुर में बडा झटका
## दर्जनों कांग्रेसी हुए भाजपा में शामिल

दुर्गेश तिवारी
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

रुद्रपुर- रुद्रपुर विधानसभा क्षेत्र 66 में लगातार समीकरण बदल रहे हैं। ता?ा घटनाक्रम से कांग्रेस को बडा झटका लगा है। सोमवार को काफी तादाद में कांग्रेसियो ने पार्टी छो? कर भाजपा का दामन थाम लिया। भाजपा की सदस्यता लेने वाले कट्टर कांग्रेसी हरीश बांगा के पिता अमरनाथ बांगा भी कांग्रेस के जिलाध्यक्ष रहे। वह कांग्रेस के लिए समर्पित थे उनके बाद हरीश बांगा कांग्रेस में कद्दावर व प्रभावशाली नेता रहे हैं। इस तरह से बांगा परिवार ने तराई में कांग्रेस को स्थापित करने में बडी मेहनत की थी। जन्म से कांग्रेसी हरीश बांगा के कांग्रेस छो? कर भाजपा में शामिल होने से स्पष्ट हो जाता है कि कांग्रेस कहां खडी है। भाजपा में शामिल होने के बाद हरीश बांगा ने साफ कहा कि कांग्रेस अब वो कांग्रेस नहीं रही जो दो दसक पहले तक थी। नयी कांग्रेस ने राष्ट्रवाद से बहुत बडा फासला बना लिया है। कांग्रेस ध्रुवीकरण की नीति अपना रही है, जबकि दुनिया की सबसे बडी पार्टी बन चुकी भारतीय जनता पार्टी का आधार ही राष्ट्रवादी है। कांग्रेस छो? कर भाजपा में शामिल होने वाले हरीश बांगा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नीतियों से प्रभावित हैं। जिनके कार्यकाल में भारत एक ताकतवर देश के रूप में उभर कर सामने आया है। भाजपा के राज में देश और प्रदेश की सीमाएं सुरक्षित हुई हैं। उन्होंने कहा कि



बडी संख्या में कांग्रेसियो के भाजपा में शामिल होने से रुद्रपुर विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी शिव अरोरा की सफलता की संभावना प्रबल हो सकती है। कांग्रेस छो? कर भाजपा का हिस्सा बने कांग्रेस कार्यकर्ताओं का मानना है कि वे शिव अरोरा के व्यवहार, काबिलियत और निस्वार्थ समाज सेवा से भी प्रभावित रहे हैं। राजनीति में रहकर शिव अरोरा ने गरीब, कमजोर, बेसहारा तबके की मदद की है। पिछले साल रुद्रपुर में बाढ आई तो शिव अरोरा ने बिना भेदभाव के सभी पीडितो की सरकारी व गैर-सरकारी संगठनों के सहयोग से मदद की। सोमवार को कांग्रेस छो? कर भाजपा में शामिल होने वालों में हरीश बंगा सुनील बंगा राजेंद्र बंगा कलि संजीव बंगा बंसी धार गुम्बर राजीव फुगाल बलदेव डाबरी श्याम लाल चिलाना उषा गुम्बर संगीता बंगा सुमन बंगा संतोष चिलाना आदि प्रमुख है। इनके साथ बडी संख्या में लोग भाजपा का हिस्सा बने है।

## जनसंपर्क के दौरान राजकुमार ठुकराल एक बार फिर हुए भावुक

दुर्गेश तिवारी
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच


रुद्रपुर-निर्दलीय प्रत्याशी विधायक राजकुमार ठुकराल ने आज अलखदेवा, धौलपुर और रतनपुरा में घर घर जनसंपर्क कर लोगों से आशीर्वाद लिया। जनसंपर्क के दौरान विधायक ठुकराल एक बार फिर भावुक हो उठे उन्होंने कहा कि कुछ लोगों ने उनकी राजनैतिक हत्या की साजिश रची है लेकिन इस साजिश को वह अपने समर्थकों और जनता के आशीर्वाद से कामयाब नहीं होने देंगे। ठुकराल ने कहा कि यह चुनाव उनके लिए जिंदगी और मौत का सवाल है। समर्थकों की राय के बाद ही वह चुनाव मैदान में कूदे हैं। समर्थक उन्हें मना कर



देते तो वह चुनाव नहीं ल?ते। यह चुनाव सिर्फ उनके लिए चुनाव नहीं बल्कि अन्याय के खिलाफ आवाज है। उनके साथ जो अन्याय हुआ है उसके खिलाफ वह जनता की अदालत में आये हैं। ठुकराल ने कहा कि जब भी उन्हें जनप्रतिनिधि बनकर सेवा का मौका मिला उन्होंने अपनी जिम्मेवारी से अपने दायित्वों का निर्वहन किया। दो बार विधायक रहकर उन्होंने जनहित के मुद्दों को लेकर अपनी ही सरकार से भि?ने से भी परहेच नहीं किया।जनता को सर्वोपरि मानकर वह हर कदम पर जनता के साथ कंधे से कंधा मिलाकर ख? रहे। लेकिन जनता के प्रति उनकी वफादारी का ईनाम उन्हें टिकट काटकर दिया गया। ठुकराल ने कहा कि कुछ लोगों ने छल प्रपंच करके न सिर्फ उनकी टिकट कटवाई है बल्कि रूद्रपुर में राजनीति को कलंकित करने का भी काम किया है। सत्ता के लोभ में इससे पहले ऐसे छल प्रपंच पहले कभी नहीं रचे गये। विधायक ठुकराल ने कहा कि छल प्रपंचियों ने उनके साथ साजिश रचकर न सिर्फ उनके परिवार को रूलाया है बल्कि समर्थकों की भावनाओं को भी आहत किया है। रूद्रपुर की जनता ऐसे लोगों को करारा साबक सिखायेगी। विधायक ठुकराल ने ग्रामीण क्षेत्र की जनता से पूर्व की तरह अपना आशीर्वाद देकर विजयी बनाने की अपील की।

## भाजपा प्रत्याशी शिव अरोरा अपनी जीत सुनिश्चित करने के लिए मंदिर, गुरूद्वारा और गुरूओं के समक्ष अपना शीश नवा कर आशीर्वाद प्राप्त किया

दुर्गेश तिवारी
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



रुद्रपुर- 66 विधान सभा क्षेत्र रुद्रपुर से भाजपा प्रत्याशी शिव अरोरा अपनी जीत सुनिश्चित करने के लिए मंदिर, गुरूद्वारा और गुरूओं के समक्ष अपना शीश नवा कर आशीर्वाद प्राप्त कर रहे हैं।अरोरा दावा कर रहे हैं कि वह जनसहयोग से भारी जीत दर्ज कराएंगे।अरोरा दिनेशपुर के हरीचंद गुरूचंद मंदिर पहुंचे। उन्होंने मंदिर में मत्था टेका और विवेकानंद महाराज का आशीर्वाद भी प्राप्त किया। इसके अलावा श्री अरोरा ने पत्नी सीमा अरोरा के साथ तीन पानी स्थित गुरुद्वारा अमृत सागर( डेरा भजनग? ) में मत्था टेककर गुरु साहिब जी से आशीर्वाद प्राप्त किया।भाजपा नेता शिव अरोरा ने श्री आनंदपुर कुटिया में श्री गुरु महाराज जी और श्री बाई जी से स्नेह और आशीर्वाद प्राप्त किया। यहां उन्हें जीत का आशीर्वाद मिला। श्री अरोरा जिस क्षेत्र में चुनाव प्रचार करने जा रहे हैं उस क्षेत्र के धार्मिक स्थलों भी मत्था टेकते हैं। उनका मानना है कि ऐसा करने से उन्हें आत्मिक संतोष मिलता है।श्री अरोरा को चुनाव प्रचार में हर वर्ग का समर्थन मिल रहा है। उनके चुनाव को लेकर लोगों में खासा उत्साह दिखाई दे रहा है।

## नगर में शांतिपूर्ण व्यवस्था कायम रखने को लेकर नगर में निकाला फ्लैग मार्च



सगीर चंकी पांडे
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच


मुरादाबाद- ठाकुरद्वारा - पुलिस बल सैनिक बल के साथ नगर में निकाला कोतवाली निरीक्षक के देख लेख में नगर कोतवाली एसडीएम कोर्ट रोड ठाकुरद्वारा सीएससी अस्पताल से होते हुए बाबू रामपाल द्वार कमालपुर चौराहा ढाल चलचित्र शनिवार का बाजार कदीर तिराहा मुख्य बाजार से होते हुए शांति व्यवस्था को कायम रखने के उपलक्ष में निकाला गया फ्लैग मार्च नगर में पुलिस बल सेना बल पूरी तरह अलर्ट ठाकुरद्वारा विधानसभा 26 को देखते हुए मध्य नजर चुनाव आचार संहिता लागू पर पुलिस प्रशासन पुलिस बल सैनिक बल के साथ नगर में पूरी तरह सचेत कर नगर वे क्षेत्र वासियों को दे रहा है पूरी तरह शांति बनाए रखने का संकेत ठाकुरद्वारा कोतवाली निरीक्षक जी मोहित चौधरी पूरी तरह नगर में शांति व्यवस्था कायम रखें वह नगर की जनता को शांति बनाए रखने का पैगाम पहुंचाते हुए पुलिस बल के साथ ठाकुरद्वारा नगर वार्ड बस्ती मोहल्ला से फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस बल सेना के साथ दिखाई दिखाई दिए

## भारतीय जन जाग्रति पार्टी के प्रत्याशी मोहम्मद जावेद ने किया जनसम्पर्क

सगीर चंकी पांडे
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद- ठाकुरद्वारा -ठाकुरद्वा जनजागृति प्रत्याशी मोहम्मद जावेद ने अपने समर्थको के साथ दर्जनो गांवो मे जनसंपर्क कर ग्रामिणों से पार्टी पक्ष मे मतदान करने की अपील करते हुए सोमवार को भारतीय जन जाग्रति पार्टी प्रत्याशी मोहम्मद जावेद ने अपने समर्थकों साथ विधान सभा ठाकुरद्वारा गोपीवाला,निर्मलपुर ग्राम प्रधान पति जाखिर अंसारी के निवास पर पहुंच कर गांवो मे डोर टू डोर जनसंपर्क कर पार्टी पक्ष मे मतदान करने की अपील की वही प्रधान पति से मिलकर बी. जे. जे. पी. प्रत्याशी के पक्ष में मतदान कराने की अपील की वही ग्रामिणों ने भारतीय जन जाग्रति पार्टी प्रत्याशी मोहम्मद जावेद का भव्य स्वागत कर उनको आशीर्वाद दुआओं से नवाजा इस दौरान मोहम्मद जावेद के समर्थक के साथ मैं कार्यकर्ता साथ दिखे

## मुरादाबाद के विधानसभा 27 बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी द्वारा किया गया मीटिंग का आयोजन



मौ. युसूफ
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद- बहुजन समाज पार्टी विधायक प्रत्याशी देहात विधानसभा 27 देहात से अकील चौधरी को मैदान में उतारा है। सोमवार को अकील चौधरी द्वारा अपने कार्यालय पर एक मीटिंग का आयोजन किया जिसमें उन्होंने पत्रकारों से बात करते हुए कहा हमने कोविड-प्रोटोकॉल की गाइडलाइन का पालन करते हुए चंद लोगों के साथ एक मीटिंग का आयोजन किया उन्होंने कहा कि हमने मीटिंग इस उपलक्ष में रखी है कि हमारे कार्यकर्ताओं द्वारा क्षेत्र में डोर टू डोर घूम कर क्षेत्र की सभी अवाम से अपील करें कि 14 फरवरी को भारी मतों से बीएसपी प्रत्याशी अकील चौधरी को विजई बनाएं, और उन्होंने क्षेत्र की जनता के समक्ष में कई जवाब दिए। मीटिंग में सालिम चौधरी, नौशाद अल्वी, दीपक कुमार गौतम, इरशाद हुसैन, मोहसिन चौधरी, कौसर अली, गुल हसन, मानसिंह सागर, विपिन कुमार आदि मौजूद रहे।

www.knlslive.com

## संयुक्त किसान मोर्चा अखिल भारतीय किसान संगठन भाजपा के खिलाफ मनाया विश्वासघात दिवस

सगीर चंकी पांडे
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



मुरादाबाद- ठाकुरद्वारा- संयुक्त किसान मोर्चा के आव्हान पर अखिल भारतीय किसान मजदूर स अखिल भारतीय किसान सभा के कार्यकर्ता व किसान ह.ह्य.ह्य. भाजपा सरकार के खिलाफ विश्वासघात दिवस के रूप में मनाने के लिए ब्लॉक परिसर ठाकुरद्वारा में इकट्ठा हुए तथा किसान नेताओं ने विचार रखते हुए कहा कि केंद्र सरकार ने कुछ बिंदुओं पर लिखित आश्वासन दिया था लेकिन सरकार ने उन पर अमल नहीं किया किसान नेता प्रीतम सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि 29 नवंबर 2021 को तीनों के कानून वापसी के बाद केंद्र सरकार ने संयुक्त किसान मोर्चा के साथ लिखित समझौता किया था परंतु समझौते के अनुसार सरकार ने कोई कदम नहीं उठाया सरकार का यह व्यवहार देश की जनता के साथ, घोर विश्वासघात है अत: मांग की गई कि सभी फसलों की एमएसपी तय करने के लिए कमेटी बनाई जाए। बिजली बिल 2020 को संशोधित करने के लिए कमेटी बनाई जाए। आंदोलन संबंधित सभी मुकदमे निरस्त किए जाएं। शहीद किसान परिवारों को 55 लाख सहायता दी जाए। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा को पद से तत्काल बर्खास्त कर जेल भेजा जाए। 300 यूनिट बिजली घरेलू खपत की तथा निजी नलकूपों पर मुफ्त बिजली दी जाए।?10000 प्रति माह वृद्धा विकलांग व विधवा पेंशन अनिवार्य की जाए आदि मांगों का मांग पत्र महामहिम राष्ट्रपति महोदय भारत सरकार नई दिल्ली को संबोधित मांग पत्र श्रीमान नायब तहसीलदार ठाकुरद्वाराअनिल कुमार मिश्रा को सौंपा गया कार्यक्रम में जिला सचिव कैलाश सिंह साबिर हुसैन उदयवीर सिंह खुशीराम सिंह कॉमरेड वीर सिंह बुध सिंह करण सिंह ओमप्रकाश सिंह जगदीश सिंह कॉमरेड गुलशेर अली सुरेश सिंह मोहम्मद शरीफ भारत सिंह चांद खां मोहम्मद आजम सतपाल सिंह मोहम्मद अयूब महिलाल महाशय सिंह आदि मौजूद रहे

## अखिलेश यादव जी की पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने के लिए मुरादाबाद में एक महत्वपूर्ण ज्ञापन सौंपा गया

मौ. युसूफ
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद-2011 अचयनित बेरोजगार एसोसिएशन उत्तर प्रदेश की ओर से मण्डल अध्यक्ष नैपालसिंह पाल के नेतृत्व में 7/12/12 विज्ञापन की बहाली और भर्ती सरकार ने आने पर करने के लिए समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष डी पी यादव को विधानसभा चुनाव में वोट , सपोर्ट के साथ अखिलेश यादव जी की पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने के लिए मुरादाबाद में एक महत्वपूर्ण ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन सौंपते हुए मण्डल अध्यक्ष नैपालसिंह पाल ने कहा कि हम सभी बीएड टेट 2011 अचयनित बेरोजगार अपने परिवार , रिश्तेदार और मिलने वालो के साथ मिलकर पुर्ण रूप से समाजवादी पार्टी को वोट सपोर्ट करेंगे । प्रत्याशियों को विजयी बनाकर माननीय अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनायेंगे। क्योंकि बीएड टेट 2011अचयनित बेरोजगार बीजेपी नेताओं और बीजेपी सरकार की वदा?लाफियों और बेरोजगारी से तंग आ चुकें हैं । पिछले विधानसभा चुनावो में बीजेपी के नेताओं हमारे धरने प्रदर्शन में आकर मंच साझा किया ओर बीजेपी सरकार बनने पर बीएड टेट 2011 अचयनित बेरोजगार को नियुक्ति देने का वादा किया लेकिन सरकार आने पर भी आज तक इन्होंने कुछ नहीं किया ओर अपना हक व अधिकार माँगने , धरना- प्रदर्शन करने पर पुलिस से लाठीचार्ज कराया जिसमें हमारे बहुत सारे साथी बहुत घायल हुए ओर अस्पताल जाना प?ा । आमरण अनशन करने के 9 दिन बीतने पर भी किसी ने कोई बात नहीं सुनी। ओर 25 जुलाई 2017 के माननीय सुप्रीम कोर्ट के आदेश को भी नहीं माना । ओर अब कुछ समय पहले से तो इनसे मिलने जाने पर मिलने भी नहीं दिया गया। अंतिम समय तक वादा करते रहे लेकिन अभी तक हमारा हक व अधिकार अर्थात सहायक अध्यापक पद की नियुक्ति नहीं दी। अब जैसे ॠश्वस्त्र टेट 2011 अचयनित बेरोजगार एसोसिएशन उत्तर प्रदेश संगठन के नेतृत्वकर्ताओ के नेतृत्व में सभी बीएड टेट 2011अचयनित बेरोजगार साथियों द्वारा प्रदेश के सभी जिलों विधानसभा सभाओ में समाजवादी पार्टी को 7/12/12 विज्ञापन हेतु समर्थन देने की बात हुई है आप सभी समाजवादी पार्टी के प्रत्याशियों को बहुमत के साथ विधानसभा पहुँचाये ओर अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाएं। समाजवादी पार्टी प्रदेश के सभी वर्गों के साथ है। सभी न्याय मिलेगा। इस पर सभी ॠश्वस्त्र टेट 2011 पास अचयनित बेरोजगार एसोसिएशन के सदस्यों ने एक स्वर में कहा कि हम लोग अपने अपने स्तर से मैदान में जनता के बीच सोशल मीडिया पर समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने के लिए हर संभव कोशिश करेंगे। इस अवसर पर समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष डी पी यादव , समाजवादी पार्टी के जिला प्रवक्ता धर्मेन्द्र यादव , बीएड टेट 2011 अचयनित बेरोजगार एसोसिएशन के मण्डल अध्यक्ष नैपालसिंह पाल , ग्रीश कुमार , मुकेश कुमार , दिनेश सिंह , ॠषिपाल सिंह , रमन कुमार , ललित वर्मा , अनिल चौधरी , विकास कुमार , सहजाद अली , मुशाहिद , संजय शर्मा , अजय सिंह आदि उपस्थित रहे।

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

क्यूँ न लिखूँ सच
*स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेश से प्रकाशित एवं वितरित किया।*
*संपादक - नरेश राज शर्मा*
*मो. 9027776991*
Title Code : UPBIL05086
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।*

## संपादकीय Editorial

# How many boosters

The notion probably remained in the last year itself that the third dose (booster dose) would be very effective in protection against Kovid-19. Especially after Omicron, some countries have started giving the fourth dose as well. Will the 5th, 6th and beyond still need a dose? One dose after another, is it practical? Are these vaccines designed to be given over and over again? Most scientists agree that this strategy of giving repeated vaccines is not practical.Danny Altman, an immunologist at Imperial College,

London, says that 'we are in completely unknown territory on the vaccination front. We've been constantly blown away by the actual program of mRNA boosters as an emergency measure. It doesn't really seem like the way forward.In early January, Israel began administering a fourth dose to the elderly, vulnerable and healthcare workers. Preliminary data from Israel this week shows the fourth dose reduces the risk of infection and serious illness. However, when more figures come in the coming days, the situation will be more clear.The debate among researchers has intensified regarding the booster dose. The attack of Kovid-19 and the emergence of its new types, something is happening in such a hurry that scientists are not able to tell anything clearly.

Wherever they are finding some possibility in the way of treatment, they are scrambling. Preventing infection is a big challenge and new types of virus are continuously increasing the strain. There is also a big tension that why infection is being seen even in people who have taken two doses?

Are boosters also failing to prevent long-term infections? Worry increases because no scientist is in a position to give guarantees. In Israel, data collected between June and November of last year shows that in a third of cases of booster doses, immunity declines within a few months. It's sad when people in many countries haven't even got the first doseThen countries like Israel, Chile, Cambodia, Denmark and Sweden are reaching the fourth dose. Whether antibody levels increase even with four doses remains to be seen.


"A better way to slow the epidemic would be to develop new vaccines than to give endless booster doses," Bolisar says. Vaccines will have to be made, which can provide protection for a long time. The first data on Omicron-specific vaccines is expected in the coming month.However, we may still have to wait for a widely effective vaccine. Will we be able to find such a vaccine? "There is always uncertainty when dealing with viral evolution," says Morm Kilpatrick, a disease ecologist at the University of California, Santa CruzPeter McIntyre, an infectious disease specialist at the University of Otago in New Zealand, argues that until we have new vaccines, other measures and antiviral drugs should be given priority. There is no room for relaxation in preventive measures yet.

# Vicky Kaushal is giving fans advice to have children, girls injured after seeing the look



Bollywood actor Vicky Kaushal has flaunted his new look on Instagram. Vicky has completely trimmed her hair from the sides and has also grown her beard from the centre. Wearing a loose shirt and cargo, Vicky Kaushal looks quite cool. In the caption of the photo, Vicky Kaushal wrote, 'Now what next?' Fans have given funny answers in the comment on this question of Vicky. One user wrote, 'Now do children, brother.' At the same time, another user wrote, 'Plan for children.'The time has come for family planning - one person commented, 'Kids plan, Vicky.' So there a person wrote, 'The time has come for family planning with Katrina.' Similarly, many users have advised Vicky Kaushal to plan a child. However, some people were seen praising his looks. One person wrote, 'This will set the haircut on fire.'Fans were blown away by Vicky's look - Another person was impressed by Vicky's look and wrote, 'Look Vicky. That much hotness will not be handled by us. A female fan wrote in the comment section, 'I am fainting seeing you.' Let us tell you that this picture of Vicky Kaushal has collected more than 4 lakh likes in a few minutes. Recently, Vicky and Katrina tied the knot.The luxurious wedding took place in Ranthambore-Vicky Kaushal married Katrina Kaif after being in a relationship with each other for a long time. Both of them got married in a luxurious hotel in Ranthambore. The wedding pictures of both went viral on the internet. As far as Vicky Kaushal's upcoming film is concerned, he will soon be seen working in the film Sam Bahadur.

# Sara Ali Khan chilled in the swimming pool in minus 2 degree temperature



Actress Sara Ali Khan is holidaying in Kashmir, many pictures of which she has shared on her social media handle. In these pictures, the actress is seen chilling with her friends. Now on Monday, she has shared a video, in which she is enjoying in the swimming pool in minus 2 degree Celsius temperature.This video has been shared by Sara Ali Khan on her official Instagram story. It can be seen in the video that the actress is wearing a pink color swimsuit and is taking a bath in the swimming pool. Sharing the video, he wrote, 'Happy Monday minus 2 degree Celsius temperature.' This video of Sara is being well-liked on social media.Recently, speaking on Jhanvi Kapoor and their friendship in an interview to ETimes, the actress said, We are not best friends but we are serious, ambitious and strong girls for our career, who lost their two years due to this pandemic. . My heart aches to be back on the sets of my projects, no one can understand this more than Janhvi.Sara Ali Khan's Workfront While talking about her workfront, she will soon be seen in Aditya Dhar's directorial venture The Immortal Ashwatthama opposite actor Vicky Kaushal. This film will be based on Mahabharata's warrior Ashwatthama. Ronnie Screwvala is producing this film.Through this film, both are going to share screen space with each other for the first time. At the same time, he has recently wrapped the shooting of Laxman Uktar's untitled film. The actress was last seen in the film Atrangi Re. In this film, Sara has played the lead character along with Dhanush and Akshay Kumar.

# एटा-यह है हमारे एटा महिला मार्केट की कोरोना काल मे ब्यबस्था



निशाकांत शर्मा

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-यह है हमारे एटा महिला मार्केट की कोरोनाकाल मे ब्यबस्था-गौर से देखिये इतनी चोक गलियों मे दो पहिया वाहन का आतंक कि महिला और बच्चों की भी? से हालत इतनी खराब कि निकलना मुस्किल तो है ही साथ मे अनहोनी होने से भी इन्कार नही किया जा सकता है,कहां है प्रशासन की कोरोना मे ऐलर्टनेस गौर से देखिये इतनी भी? मे बीस लोगों के मुंहपर भी मास्क नहीं मिलेगा इलेक्शन का मतलब यह भी नहीं होना चाहिये कि पब्लिक को इस हाल मे मरने के लिये छो? दिया जाए हा इस सच से भी इन्कार नहीं किया जा सकता हैकि पब्लिक भी कम पागल नही है लेकिन हमे एसे लोगों को बचाना होगा जो इस तरह के लापरवाह भी? की बजह से कोरोना जैसे वायरस से-साथ ही महिलाओं की सुरक्षा ब्यबस्था से खिलवा? नहीं होनी चाहिये ,इसमे दुकानदार भी जिम्मेदार है उन्हें सिर्फ अपने ब्यापार से मतलब है नाकि इंसानों की जिंदगी और महिलाओं की आबरू की जो अपनी अपनी दुकानों के सामने दो पहिया वाहन ख?ा करने से मना नहीं करते है

www.knlslive.com

# संदिग्ध क्षेत्रों में ड्रोन द्वारा तलाशी अभियान

निशाकांत शर्मा

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा-एसएसपी एटा के निर्देशन में आगामी विधानसभा चुनावों के दृष्टिगत जनपदीय पुलिस द्वारा संदिग्ध क्षेत्रों में ड्रोन द्वारा तलाशी अभियान चलाकर तथा पैरामिलिट्री फोर्स के साथ फ्लैग मार्च/ एरिया डॉमिनेशन कर आमजन को कराया गया सुरक्षा का एहसास। उत्तर प्रदेश आगामी विधानसभा निर्वाचन-2022 को शांतिपूर्ण एवं सकुशल संपन्न कराये जाने के दृष्टिगत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा श्री उदय शंकर सिंह के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक एटा श्री धनंजय कुशवाहा के निकट पर्यवेक्षण में अवैध शराब के निष्कर्षण के संबंध में थाना बागवाला क्षेत्रांतर्गत ग्राम नगला रंजीत, राजपुर, परसौन, नरौरी, जलालपुर के जंगल और झा?ियों आदि दुर्गम और संदिग्ध क्षेत्रों में पर्याप्त पुलिस बल एवं ड्रोन टीम द्वारा तलाशी अभियान चलाया गया। एसएसपी एटा द्वारा बताया गया कि आगामी विधानसभा चुनावों को लेकर जनपदीय पुलिस पहले से तैयार है तथा विभिन्न थाना क्षेत्रों के उन गांवों पर विशेष नजर है, जो गांव पहले से अवैध कारोबार में लिप्त है या अतिसंवेदनशील/अतिविशिष्ट संवेदनशील श्रेणी में आते हैं, उन सभी गांवों को चिन्हित कर लिया गया है, सभी गांवों में किसी भी स्थिति की निगरानी के लिए ड्रोन कैमरे का इस्तेमाल किया जाएगा। साथ ही जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में क्षेत्राधिकारियों के नेतृत्व में जनपद के सभी सर्किलों के थाना क्षेत्रों के पुलिस बल एवं पैरामिलिट्री फोर्स के साथ विभिन्न गांव में फ्लैग मार्च/एरिया डोमिनेशन किया गया। फ्लैग मार्च/ एरिया डोमिनेशन कर आम जनमानस में सुरक्षा का एहसास कराया गया एवं शांतिपूर्ण वातावरण में कोविड-19 गाइडलाइंस का पालन करते हुए सकुशल चुनाव संपन्न कराने का संदेश दिया गया।

# ईवीएम वीवी पैट के अलावा मिलेंगी जरूरी दवाएं



शुभम शर्मा

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ़ - विधानसभा चुनाव में इस बार मतदान की ड्यूटी के लिए जाने वाले पीठासीन अधिकारियों को ईवीएम-वीवी पैट के साथ मिलने वाले बैग में अब मास्क, सैनिटाइजर, प्राथमिक उपचार के लिए मरहम पट्टी, उल्टी, दस्त, बुखार की दवाओं के साथ ही मतदाताओं के हस्ताक्षर व अंगूठा निशानी के लिए रजिस्टर, मतदाताओं की पर्चियां, निर्वाचक नामावली, पीठासीन की डायरी रिपोर्ट, लिफाफा, ड्यूटी प्रमाणपत्र, रसीद, पुस्तक, पेंसिल, बॉल पेन, खाली कागज, मुहरबंद के लिए कपड़ा, मतदान सामग्री, ब्लेड, मोमबत्ती, अमिट स्याही, ड्राइंग पिन, चेक लिस्ट, रबर बैंड आदि समेत करीब 99 तरह की चुनावी सामग्री उपलब्ध रहेंगी।

# अवैध शराब तस्करों के खिलाफ चला रहे है अभियान




निशाकांत शर्मा

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-एसएचओ जैथरा डॉ0 सुधीर कुमार सिंह बने खतरों के खिला?ीज्जान जोखिम में डालकर अवैध शराब तस्करों के खिलाफ चला रहे है अभियान, एटा एसएसपी उदयशंकर सिंह के निर्देश पर एसएचओ जैथरा डॉ0 सुधीर कुमार सिंह ने चलाया काली नदी के किनारे अवैध शराब के विरुद्ध अभियान, नदी के किनारे धधक रही है शराब भट्ठियाँ को डॉ0 सिंह ने कराया नष्ट,नदी किनारे पर प े है ब ब मगरमच्छ, एसएचओ जैथरा डॉ0 सुधीर कुमार सिंह ने आबकारी टीम को साथ लेकर काली नदी किनारे सुलग रहीं भट्टियों को कराया नष्ट, एसएचओ जैथरा डॉ0 सिंह की टीम ने 12,500 लीटर लहन कराया नष्ट, मौके से 80 लीटर कच्ची शराब सहित भारी मात्रा में शराब बनाने के उपकरण किए बरामद, काली नदी में कूदकर फरार हुए शराब तस्कर, थाना जैथरा क्षेत्र के काली नदी का मामला।

www.knlslive.com

# रेलवे लाइन पर पुल की मांग पूरी न होने पर लोगों में आक्रोश



शुभम शर्मा

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ़ - जवां के गोधा क्षेत्र में सन् 1950 में रेलवे ने काली नदी को पार करने के लिए व रायपुर स्टेशन से क्षेत्र के लोगों का आवागमन जोड़ने के लिए पुल बनवाया था। जर्जर हालत में होने पर रेलवे कर्मचारियों ने पुल से पटियाओं को निकाल कर पुल को बंद कर दिया गया। जिससे रायपुर स्टेशन, पंडावल व डिबाई के लिए क्षेत्र के लोगों का आवागमन बंद हो गया। लोगों द्वारा वर्षों से कल्याणपुर काली नदी पर की जा रही पुल की मांग व कृपारामपुर रेलवे लाइन पर बने पुल को सही न करने पर लोगों पर रेलवे कर्मचारियों ने पुलिस सहयोग से इस बात को दबा दिया था, जिसे लेकर लोगों में आक्रोश है। आक्रोश के चलते अबकी बार लोगों ने जनप्रतिनिधियों के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है।

# चुनाव में गड़बड़ी करने वालों से सख्ती से निपटेगी पुलिस: एसएसपी

शुभम शर्मा

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



अलीगढ़ - विधान सभा चुनाव को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए एसएसपी कलानिधि नैथानी ने जिले के क्षेत्रों में संवेदनशील मतदेय स्थलों का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने आदर्श चुनाव आचार संहिता का पालन कराने व चुनाव में किसी भी तरह से विघ्न डालने, गड़बड़ी करने वाले अराजक तत्वों से सख्ती से निपटने व जेल भेजने के निर्देश दिए। जानकारी के लिए चुनाव हेल्पलाइन नंबर 9454402817 जारी किया गया है।

# फिरोजाबाद बॉर्डर पर नारखी पुलिस ने चैकिंग के दौरान किया कैश बरामद

निशाकांत शर्मा

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-एटा टूण्डला मार्ग पर एटा फिरोजाबाद के बॉर्डर पर थाना नारखी के अंतर्गत आने वाली तजापुर चौकी पुलिस द्वारा इमलिया चौराहे पर सघन चेकिंग अभियान के दौरान 16 लाख का नगद कैश बरामद किया है। क्षेत्राधिकारी अभिषेक श्रीवास्तव के निर्देशन में चेकिंग अभियान के दौरान मिली बड़ी न?दी। बड़ी न?दी मिलने की खबर पर उपजिलाधिकारी टूण्डला मौके पर पहुंचे। इतनी बड़ी नगदी चुनाव को प्रभावित करने के लिए लेकर जा रहा था आरोपी। क्षेत्राधिकारी अभिषेक श्रीवास्तव ने इनकम टैक्स की टीम को बुलाकर उसके सुपुर्द किया। थाना नारखी के साथ-साथ तजापुर चौकी की बड़ी कार्यवाही। तजापुर चौकी के पुलिसकर्मियों की सक्रियता के चलते हुई ब?ी नगदी बरामद। रोडवेज बस में बैठकर जा रहा था आरोपी। अब जांच के उपरांत ही पता चलेगा कि इतनी बड़ी नगदी लेकर कहां जा रहा था आरोपी। क्षेत्राधिकारी अभिषेक श्रीवास्तव की बड़ी कार्यवाही।

# गरीबों के लिए संजीवनी बनेगा मुख्यमंत्री
## हाट बाजार क्लिनिक योजना



रामचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर-कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह ने जिला पंचायत सीईओ राहुल देव व सीएमचओ डॉ. आरएस सिंह की अगुवाई में मुख्यमंत्री हॉट बाजार क्लिनिक योजना की समीक्षा की। जो दूरस्थ ग्रामीणों इलाकों में निवासरत गरीबों के लिए मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लीनिक योजना संजीवनी साबित हो रही है। ग्रामीणों को उनके गांव में ही चलित अस्पताल के माध्यम से इलाज की सुविधा मिल रही है। कलेक्टर ने साप्ताहिक बाजार के दिन योजना का क्रियान्वयन को ब?ावा देने निर्देश दिए। दैनिक जरूरतों की चीजें खरीदने वाले ग्रामीण साप्ताहिक बाजार आते हैं। इसी दौरान बाजार में चलित अस्पताल के जरिए इलाज लोगो का ज्यादा से ज्यादा लाभ मिल सके। गरीबों का समय बचत हो और इलाज की सुविधा भी मिले इसके लिए टीम बना कर कार्य करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लिनिक योजना जहां बुजुर्गों के लिए वरदान है वहीं व्यस्त रहने वाले ग्रामीणों के लिए किसी उपहार से कम नहीं है। हर हफ्ते हाट बाजार क्लीनिक में जांच और इलाज की सुविधा से ग्रामीणों को त्वरित स्वास्थ्य सुविधा मिले इसके लिए कारगर रणनीति बनाने के निर्देश दिये। उन्होंने हाट बाजार में बीपी, शुगर, आर्थराइट्स आदि की जांच करने कहा इसके साथ ही उन्होंने बताया कि जितनी बिमारी की जांच किट के माध्यम से हो जाये वे सभी जांच हाट बाजार में जाने वाले टीम को ट्रेन करके भेजना सुनिश्चित करें। जिससे मुख्यमंत्री हाट बाजार योजना गरीबों के लिए संजीवनी साबित हो। हाट बाजार में लोगों को अधिक से अधिक लाभ दिलाने के लिए वहां के कोटवार, रोजगार सहायक, सचिव के माध्यम जहां हाट बाजार लगने वाला है वहां के आस-पास के गांवों में सूचना पहुंचा दी जाये कि आज हाट बाजार क्लीनीक में क्या-क्या सुविधाएं एवं दवाईयां मिलने वाली है। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधिक्षक हरीश राठौर, संयुक्त कलेक्टर शिव बनर्जी, डिप्टी कलेक्टर वहीदुर्रहमान, सीएमएचओ आरएस सिंह, सिविल सर्जन शशी तिर्की, डीपीओ चन्द्रबेश सिसोदिया, आयुक्त आदिवासी विभाग के. विश्वनाथ रेड्डी, तहसीलदार ऋच्वा सिंह, नायब तहसीलदार हिना टण्डन, शिक्षा अधिकारी विनोद राय, पीओ के. एम. पाठक, डीडी पंचायत ऋषभ चंदेल, समस्त बीएमओ सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# भाजपा ने धान खरीदी केन्द्र ओड़गी, टमकी व
## रामपुर में किया एकदिवसीय धरना प्रदर्शन
### सरकार से धान खरीदी को 15 फरवरी तक बढ़ाने की मांग



रामचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- ओड़गी-भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश के नेतृत्व के आह्वान भाजपा जिलाध्यक्ष बाबूलाल अग्रवाल व किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष रामकरण साहू के मार्गदर्शन में धान खरीदी केन्द्र ओड़गी,टमकी,और रामपुर मे भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेश तिवारी, भाजपा धान खरीदी प्रभारी विभिषण यादव व भाजयुमो मंडल अध्यक्ष नीरज गुर्जर के अगुवाई खरीदी केंद्रो मे एक घंटा धरना प्रदर्शन व प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी किया गया। किसानों के धान खरीदी की तारीख 15फरवरी तक बढाया जाए,रबी फसल हेतु खाद की बवसथा की जाए,असमय ओलावृष्टि से फसल नुकसान की मौजा राशि दी जाए,लंबित स्थाई विधुत कनेक्शन दियाजाए,पिछले वर्ष धान की बकाया राशि व दो वर्ष की बकाया बोनस दिया जाए इन सभी मांगो को तीन दिवस के भीतर पुरा करने का मांग किया गया मांग पुरा नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दिया गया ।कार्यक्रम मे भाजपा कार्यकर्ताओं व किसानों द्वारा प्रदेश सरकार भूपेश बघेल के खिलाफ जमकर नारेबाजी किया गया । इस मौके पर भाजपा महामंत्री प्रवीण गुर्जर, भाजपा मीडिया प्रभारी मोहन राजवाड़े, जिला उपाध्यक्ष आशीष प्रताप सिंह, कोषाध्यक्ष संधारी यादव, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष शिव कुमार राजवाड़े, भाजयुमो उपाध्यक्ष ओमीश जायसवाल,युवा मोर्चा कार्यसमिति सदस्य आशिष कुमार गुर्जर, किसान मोर्चा उपाध्यक्ष शंकर दुबे ,महामंत्री बृजेश काशी, कोषाध्यक्ष लटोरी मनीष यादव, भाजयुमो मीडिया प्रभारी रोहन देवांगन, प्रियांशु यादव, मुनेश्वर गुर्जर, बबलू सिंह सुरेश कुमार रजवाड़े मुन्नी लाल राजवाड़े रामबरन राजवाड़े नरेंद्र कुमार बरगाह, जयप्रकाश साहू, परमानंद देवांगन, सुमेरसाय, मोहन ,रामजीत, धनेश्वर व भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता किसान बन्धु उपस्थित रहे। कार्यकर्ताओं ने ओड़गी तहसीलदार को पुलिस प्रशासन की उपस्थिति में कोरोना गाइडलाइन का पालन करते हुए ज्ञापन सौंपा गया।

# भाजपा नेताओं ने धान खरीदी केन्द्र नवगई मोहरसोप
## में किसानों की मांगों को लेकर किया धरना प्रदर्शन



रामचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- बिहारपुर - भारतीय जनता पार्टी मंडल बिहारपुर चांदनी के भाजपा नेताओं ने धान खरीदी केन्द्र नवगई एवं मोहरसोप में किसानों की मांगों को लेकर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नाम पर तहसीलदार बिहारपुर को सौंपा ज्ञापन धान खरीदी की तिथि 15 फरवरी तक बढ़ाने रवि फसल हेतु खाद की उपलब्धता सुनिश्चित कराने असमय ओलावृष्टि एवं बारिश से हुए नुकसान की क्षतिपूर्ति तत्काल प्रदान करने लंबित स्थाई विद्युत कनेक्शन तत्काल दिए जाने पिछले वर्ष की बकाया राशि एवं 2 वर्ष का बकाया बोनस शीघ्र प्रदान करने की मांगों को लेकर तीन दिवस के भीतर मांगों को पूर्ण करने को लेकर राज्य सरकार को निर्देशित करने के लिए तहसीलदार बिहारपुर को ज्ञापन सौंपा गया 3 दिन के भीतर पूर्ण नहीं होने पर भारतीय जनता पार्टी के द्वारा उग्र आंदोलन की चेतावनी दी गई है। इस दौरान उपस्थित भाजपा मंडल अध्यक्ष रामेश्वर बैस जिला विशेष आमंत्रित सदस्य अवध कुमार पाठक महामंत्री सुरेन्द्र कुमार गुप्ता उपाध्यक्ष सियाराम नाई मंत्री विजय कुमार गुर्जर पिछड़ा वर्ग मोर्चा मंडल अध्यक्ष कालीचरण काशी भाजयुमो मंडल अध्यक्ष पुनीत पाठक किसान मोर्चा मंडल महामंत्री शिवधन गुप्ता सहकारिता प्रकोष्ठ मंडल संयोजक मुकुंद लाल जायसवाल मंडल कार्यसमिति सदस्य श्याम नारायण वैस राम प्रताप विश्वकर्मा मीडिया प्रभारी प्रेम लाल विश्वकर्मा स्थानीय समिति अध्यक्ष राम बिहारी बैस रामनारायण सिंह रामजन्म देवांगन प्रदीप साकेत लक्ष्मण जायसवाल सहित किसान जुड़ावन कांसी रामचरण देवकुमार तेजमणि साहू जगदीश भानुप्रसाद संदीप रामाशंकर वैस सूरजपाल यादव रामदेव राजनारायण सिंह उमाशंकर प्राणपत सहित थाना चांदनी के पुलिस स्टाफ एवं भारी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थे।

# धान खरीदी की तिथि बाये जाने एवं अन्य मांगों को लेकर
## प्रदर्शन कर भाजपा ने सौंपा ज्ञापन

रामचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



सूरजपुर- दतिमा मो?- भटगांव मंडल के धान खरीदी केंद्र बतरा, खोपा, सलका, चंद्रमेढा मे भाजपा अध्यक्ष सुभाष राजवाडे, किसान मोर्चा अध्यक्ष ठाकुर राजवाडे, भाजपा मंडल महामंत्री रमेश गुप्ता व अजजा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष प्रदीप पैकरा, युवा मोर्चा जिला मंत्री संतलाल प्रजापति, युवा मोर्चा उपाध्यक्ष अनूप जायसवाल के अगुवाई खरीदी केंद्र मे घंटो धरना प्रदर्शन व प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष सुभाष राजवाड़े व महामंत्री रमेश गुप्ता, किसान मोर्चा अध्यक्ष ठाकुर राजवाडे ने कहा कि किसानों के धान खरीदी की तारीख 15 फरवरी तक बढाया जाए, रबी फसल हेतु खाद की व्यवस्था की जाए, असमय ओलावृष्टि से फसल नुकसान की मउजा राशि दी जाए, लंबित सथाई विधुत कनेक्शन दिया जाए, पिछले वर्ष धान की बकाया राशि व दो वर्ष की बकाया बोनस दिया जाए। इन मांगो को तीन दिवस के भीतर पूरी नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दिया गया। कार्यक्रम मे भाजपा कार्यकर्ताओं व किसानों द्वारा प्रदेश सरकार भूपेश बघेल के खिलाफ जमकर नारेबाजी किया गया। किसान मोर्चा के पदाधिकारियों ने हल्का पटवारियों के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा है। प्रदर्शन के दौरान करंजी पुलिस संजय गोस्वामी एवं समस्त स्टाफ, बसदई पुलिस भटगांव, पुलिस की टीम सक्रिय रही। कार्यक्रम मे मुख्य रूप से उपस्थित राजेन्द्र तिवारी, भोला शंकर, ज्ञान दुबे, प्रिंस जायसवाल, ढोला पैकरा, दिपक शर्मा, रामनाथ रवि, लिखन पैकरा, चंदन पैकरा सहित आदि उपस्थित रहे।

# 14 फरवरी को सभी करें मतदान

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

बदायूँ -युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के नेहरू युवा केंद्र बदायूं द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत युवाओं का संकल्प एवं सुनिश्चित मतदान विषय पर जिला युवा सम्मेलन का आयोजन राजकीय महाविद्यालय बदायूं के सभागार में किया गया। जिसका विधिवत शुभारंभ राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र के जिला सूचना विज्ञान अधिकारी राजेश शर्मा डॉक्टर आरके जायसवाल एवं जिला युवा अधिकारी दिनेश यादव ने स्वामी विवेकानंद एवं मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण कर किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय युवा सप्ताह में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किया गया तथा समस्त युवाओं को मतदाता जागरूकता की



शपथ और संकल्प दिलाया गया। जिला युवा सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि राजेश शर्मा ने कहा कि मतदान करना तथा सब को प्रेरित करना यह हम सबकी जिम्मेदारी है युवा निष्पक्ष और निर्भय होकर मतदान करें उन्होंने युवाओं से कहा कि अधिकाधिक मतदान हमें लोकतंत्र प्रदान करने में सहायक होगा और मजबूत लोकतंत्र से हमारे नए राष्ट्र की स्थापना होगी। युवा अपने अथक प्रयास और परिश्रम से मजबूत लोकतंत्र की नींव डालने में मतदान करके अपना सहयोग करें। जिला युवा अधिकारी दिनेश यादव ने इस कार्यक्रम के उद्देश्य के बारे में बताया कि मतदाता जागरूकता के अंतर्गत आयोजित इस जिला युवा सम्मेलन में समस्त जनपद सेवा प्रतिभा कर रहे हैं जो मतदान का संकल्प लेकर जन जागरण का कार्य करेंगे, उन्होंने कहा कि युवा जन जागरण के कार्य के साथ-साथ असहाय और अशक्त व्यक्तियों को मतदान स्थल तक पहुंचाने में अपना सहयोग प्रदान करेंगे इस कार्यक्रम को प्रवक्ता डॉ आरके जायसवाल जिला नोडल अधिकारी, अनीता यादव, डॉ प्रदीप कुमार, डॉ संजय कुमार, रविंद्र पाल सिंह, दिनेश तोमर, कौशिक सक्सेना, अवनीश सोलंकी, इंद्रजीत सिंह कु0 गीतांजलि ,रिंकू कश्यप, संजीव कुमार श्रीवास्तव, शैलेश कुमार, रविकांत यादव, स्नेहा पांडे ,अमरदीप तथा अन्य अधिकारियों और युवाओं ने संबोधित किया। इस कार्यक्रम के समापन पर राष्ट्रीय युवा सप्ताह 2022 के प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया तथा उन्हें संकल्प देकर विदा किया गया कि सुनिश्चित मतदान ही हमारा कर्तव्य है। कार्यक्रम का संचालन अनुज प्रताप ने किया।

## किसान यूनियन के पदाधिकारियों ने महामहिम राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिला अधिकारी बांदा के माध्यम से सोपा



अविनाश चन्द्र दीक्षित
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

बांदा-बांदा जनपद के कलेक्ट्रेट परिसर का है जहां पर आज किसान यूनियन के पदाधिकारियों ने दिया डीएम के माध्यम से राष्ट्रपति महोदय को ज्ञापन किसान यूनियन के पदाधिकारियों ने बताया की एमएसपी निश्चित की जाए और अजय मिश्रा ( टेनी ) केंद्रीय मंत्री को बर्खास्त किया जाए को बर्खास्त किया जाए आदि मांगो को लेकर डीएम महोदय को ज्ञापन दिया गया और डीएम साहब के द्वारा आश्वासन दिया गया की आपकी मांगों को राष्ट्रपति महोदय तक ज्ञापन भेज दिया जाएगा वही किसान यूनियन के पदाधिकारियों ने कहा कि अगर हमारी मांगे नहीं मानी जाती तो हम लोग यूपी सरकार को अपनी ताकत दिखा देंगे ।

## समाजवादी पार्टी से तिन्दवारी प्रत्याशी ने भरा नामांकन पत्र



अविनाश चन्द्र दीक्षित
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

बांदा- भाजपा में विधायक रहे ब्रजेश प्रजापति को सपा प्रत्याशी बनाए जाने के बाद आज ब्रजेश प्रजापति ने पहला नामांकन पत्र किया दाखिल अभी हाल ही में भा जा पा को छोड़कर समाज वादी पार्टी में शामिल हुए ब्रजेश प्रजापति ने बताया की भारतीय जनता पार्टी में लगातार पिछड़ी जातियों का शोषण किया गया कई बार संविधान परिवर्तन का भी प्रयास किए जाने से पिछड़ी जातियों को आरक्षण के अनुसार नोकरी ना दिए जाने से आहत हो समाज वादी पार्टी के विकाश माडल को लेकर समाज वादी पार्टी के घोषणा पत्र 300 यूनिट बिजली फ्री युवाओं के लिए लेबटाप दिए जाने के साथ बुंदेलखंड की सबसे बड़ी पलायन की समस्या को रोकने के रोजगार साधन उपलब्ध कराए जाने वा अन्ना प्रथा से निजात दिलाए जाने के साथ ही समाजवादी पेंशन योजना पुनः चालू कराए जाने की बात की । माननीय अखिलेश यादव को सी एम बना कर पिछड़ी जातियों को उनका सम्मान वापस दिलाने का काम किया जाएगा।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूं सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए

9027776991

knlslive@gmail.com

## दबंगों द्वारा जबरिया खलिहान की भूमि पर कब्जा करने से परेशान बुजुर्ग ने पुलिस अधीक्षक बांदा से लगाई गुहार



अविनाश चन्द्र दीक्षित
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

बांदा-बांदा जनपद के देहात कोतवाली अंतर्गत जमाल पुर ग्राम पंचायत निवासी प्रभुदयाल पुत्र होरीलाल ने आज पुलिस अधीक्षक बांदा कार्यालय पहुंच कर अपने प्रार्थना पत्र के माध्यम से अवगत कराते हुए बताया कि गांव के कुछ दबंगों द्वारा गांव के खलिहान की भूमि पर जबरन कब्जा कर निर्माण कार्य किया जा रहा है। जिसकी शिकायत सी एम हेल्प लाइन नंबर पर किए जाने के बाद जांच अधिकारी ने अपनी रिपोर्ट में कोई निर्माण नही किया जा रहा है लिख दिया गया है। जबकि निर्माण किया जा रहा है जिस जगह निर्माण किया जा रहा है वहा प्रार्थी सालो से अपनी झोपड़ी में रह रहा है। आज अपने प्रार्थना पत्र के माध्यम से पुलिस अधीक्षक बांदा से मांग की है अविलंब निर्माण पर रोक लगाई जाए। जिससे प्रार्थी अपनी झोपड़ी में सुकून से रह सके।

## ठाकुरद्वारा विधानसभा 26 से बसपा प्रत्याशी मुजाहिद अली ने किया जनसंपर्क लोगों से की अपील



मौ.नाजिम
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद-ठाकुरद्वारा विधानसभा 26 के बसपा पार्टी के कर्मठ जुझारू एवं जनप्रिय प्रत्याशी मुजाहिद अली ने सोमवार को क्षेत्र के शरीफ नगर आदि अनेकों गांव में कोविड-19 एवं आचार संहिता के नियमों का पालन करते हुए डोर टू डोर जनसंपर्क अभियान किया जहां जनता का असीम इस्न्हे और प्रेम उन्हें प्राप्त हुआ और लोगों ने फूल मालाओं और पुष्प वर्षा से उनका स्वागत किया उन्होंने जनता से बहुजन समाज पार्टी को विजय बनाकर उत्तर प्रदेश में बहन कुमारी मायावती के नेतृत्व में एक और मजबूत सरकार बनाने की अपील की। वही मुजाहिद अली के समर्थन में ग्राम वीरपुर छतरपुर अन्य ग्राम वासियों से जनसंपर्क करते हुए बहन कुमारी मायावती और उनकी पार्टियों की नीतियों के बारे में बताते हुए वोट की अपील की। उन्होंने कहा कि अगर इस बार विधानसभा 26 से ठाकुरद्वारा से बसपा प्रत्याशी को जनता ने प्यार और आशीर्वाद दिया तो वह क्षेत्र में विकास की गंगा बहाएंगे।

# मुझे सत्ता की नहीं लोगों की चिंता, इसलिए राजनीति में आया हूं



शुभम शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ़ - गोरई में जनसभा को सम्बोधित करते हुए रालोद नेता जयंत चौधरी ने भाजपा पर प्रहार करते हुए कहा कि 13माह तक किसानों की याद नहीं आई जब देखा चुनाव आ गए हैं किसानों पर डोरे डाल रहे हैं। बाबा कह रहे हैं कि दो लके आ गए तो प्रदेश में दंगा करा देंगे, मैं पांच वर्ष तक सांसद रहा किसी को लाने का काम किया बता दे योगी जी। केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के बयान पर भड़के नजर आए जयंत चौधरी बच्चे हैं अभी-अभी मैदान में आए हैं के जवाब में कहा कि देखिए इनको खुद इतिहास की जानकारी नहीं है। 42 साल मेरी उम्र हो गई और मैं 20 साल से राजनीतिक क्षेत्र में सक्रिय हूं बहुत सोच समझ कर मैंने निर्णय लिया है। मुझे इसकी चिंता नहीं कि मुझे सत्ता कैसे मिले, मुझे अपने लोगों की चिंता है। उत्तर प्रदेश को सही दिशा देनी है। सबसे बड़ी समस्या नौजवानों और बेरोजगारी है।

# कलेक्ट्रेट सभागार में मनाया गया ''कुष्ठ रोग दिवस''


प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती-शासन के दिशा निर्देशो के अनुपालन मे प्रत्येक वर्ष ''कुष्ठ रोग दिवस'' के रूप में पूरे देश में मनाया जाता है। उक्त के क्रम में जनपद में कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी नेहा प्रकाश की अध्यक्षता में ''कुष्ठ रोग दिवस'' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी नेहा प्रकाश ने कहा कि इस आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर यह संकल्प लेते हैं कि हम अपने जनपद को कुष्ठ रोग से मुक्त बनाने के लिए कोई कसर नहीं छोंड़ेंगे। उन्होने बताया कि कुष्ठ रोग को पहचानना बहुत आसान है और यह साध्य है। हम सभी कुष्ठ रोगियों को जितनी जल्दी हो सके खोजने के लिए हर सम्भव प्रयास करेंगे। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए जिले में उपलब्ध सभी संसाधनों का उपयोग करेंगे। इसके साथ उन्होने अपील किया कि कुष्ठ प्रभावित व्यक्ति से कोई भेदभाव न करें और न ही किसी दूसरे व्यक्ति को कुष्ठ रोग प्रभावित व्यक्ति के साथ किसी भी प्रकार का भेदभाव करने दें। उन्होने कहा कि व्यक्तिगत एवं सामूहिक रूप से कुष्ठ रोग से प्रभावित



व्यक्तियों से जु? कलंक और भेदभाव को समाप्त करने और उनको समाज की मुख्यधारा में लाने के लिए सभी जनपदवासी अपना पूर्ण योगदान दें। उन्होने यह भी कहा कि कुष्ठ रोग एक दीर्घ कालीन संक्रामक रोग है, जो माइकोबैक्टीरियम लेप्री नामक जीवाणु द्वारा फैलता है, इसको हेन्सन रोग के नाम से भी जाना जाता है, जो मुख्यतः हाथों, पैरों की परिधीय तंत्रिका, त्वचा, नाक की म्यूकोसा और श्वसन तंत्र के ऊपरी हिस्से को प्रभावित करता है। यदि कुष्ठ रोग की पहचान शीघ्र न हो तथा उसका ससमय उपचार न हो तो यह स्थायी विकलांगता उत्पन्न कर देता है। जागरूकता एवं ज्ञान के आभाव के कारण समाज में कुष्ठ रोग के प्रति कलंक एवं भेदभाव के चलते कुष्ठ रोग के फैलाव एवं उपचार के प्रति गलत फहमी ब?ती जा रही है। कुष्ठ रोग से जु?ा हुआ यह कलंक जीवन के अनेक पहलुओं जैसे कि समाजिक प्रतिष्ठा, रोजगार अवसरों, वैवाहिक एवं पारिवारिक जीवन को प्रभावित करता है। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी कमलेश चन्द, ज्वाइन्ट मजिस्ट्रेट परीक्षित खटाना, उपजिलाधिकारी रोहित, उपजिलाधिकारी आशुतोष, उपजिलाधिकारी मोहित, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 मुकेश मातन हेलिया, सहायक कोषाधिकारी अवधेश कुमार यादव, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी सहित अन्य कलेक्ट्रेट एवं सूचना परिवार के अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# डीएम, एसएसपी ने की शराब की दुकानों पर छापेमारी



दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

बदायूँ - जनपद में अवैध शराब की बिक्री पर रोक लगाने के लिए प्रशासन, पुलिस और आबकारी विभाग के अधिकारियों की टीम ने शराब की दुकानों पर छापेमारी करके चेकिंग की। इस दौरान शराब दुकानों में विक्रेताओं को ओवररेटिंग नहीं करने तथा तय नियमों का पालन करने के निर्देश दिए। अधिकारियों द्वारा जनपद में शराब की दुकानों पर छोपेमारी का अभियान चलाया जा रहा है। सोमवार को जिलाधिकारी दीपा रंजन ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ0 ओ0पी0 सिंह, जिला आबकारी अधिकारी राजकुमार के साथ गद्दी चौक स्थित सरकारी मॉडल शॉप अंग्रेजी शराब की दुकान तथा स्टेशन रोड स्थित मॉडल शॉप पर छापेमारी की। वरिष्ठ अधिकारियों ने दुकान का स्टाक रजिस्टर से दुकान में मौजूद शराब का मिलान किया। शराब की गुणवत्ता का भी जायजा लिया। इसके पश्चात उन्होंने दुकान के काउंटर से अंग्रेजी शराब खरीद कर ले जा रहे लोगों से दामों के बारे में रजिस्टर से मिलान किया कि कहीं ओवर रेटिंग तो नहीं करा रहे हैं। उन्होंने इस दौरान शराब की दुकान के मैनेजर को चेतावनी दी कि किसी भी कीमत पर अंग्रेजी व देशी शराब की बिक्री में कोई भी हेराफेरी यदि की गई या बंदी के दिन शराब की बिक्री की गई तो की कार्रवाई की जाएगी।

# तिथिनुसार न्यायिक अधिकारी न्यायालय में कार्यो को सुचारू रूप से करें सम्पादित

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

बदायूँ - उच्च न्यायालय से प्राप्त पत्र के द्वारा नवीन दिशा - निर्देश जारी किये गये थे , जिसके अनुकम में जनपद न्यायाधीश द्वारा पूर्व में पारित आदेश में दिये गये रोस्टर को निम्नवर्णित रोटेशन के अनुसार अग्रिम आदेश तक ब?ाया गया हैं, पूर्व में पारित समस्त आदेश यथावत प्रभावी रहेंगे। दिनांक 31.01.2022 से दिनाँक 02.02.2022 तक के मध्य न्यायिक कार्य सम्पादित किये जाने हेतु न्यायिक अधिकारीगण का नाम यह हैं 01- जनपद न्यायाधीश बदायूँ 2- श्री चन्द्र भानु सिंह प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश बदायूँ 3- श्री महेन्द्र सिंह तृतीय विशेष न्यायाधीश एस 0 सी 0 एस 0 टी 0 एक्ट . बदायूँ 4- श्री रमा शंकर सिंह विशेष न्यायाधीश डकैती क्षेत्र बदायूँ 15- श्री शक्ति पुत्र तोगर षष्ठम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश बदायूँ 6- श्री रवि कान्त , द्वादश अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश बदायूँ 7- श्री शारिक सिद्दीकी , सप्तम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश , बदायूँ 8- डा 0 मो 0 इलियास , दशम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश , बदायूँ 9 श्री नवनीत कुमार भारती मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट , बदायूँ 10- श्री विजय कुमार गुप्ता द्वितीय , सिविल जज , सीनियर डिवीजन , बदायूँ 11- श्री जसीम खान , न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम , बदायूँ 12- श्रीमती मेघा चौधरी तृतीय अपर सिविल जज , जूनियर डिवीजन बदायूँ 13 श्री सतेन्द्र पाल सिंह , सिविल जज जू 0 डि 0 / त्वरित न्यायाधीश ( सी.ए.डब्लू . ) , बदायूँ 14 - श्री शान्तनु सप्तम् अपर सिविल जज , जूनियर डिवीजन , बदायूँ 15- श्री यदुवंश कुमार जौहरी , विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम , बदायूँ दिनांक 03.02.2022 से दिनांक 05.02.2022 तक के मध्य न्यायिक कार्य सम्पादित किये जाने हेतु न्यायिक अधिकारीगण का नाम 1- जनपद न्यायाधीश , बदायूँ 2- श्रीमती मचला अग्रवाल , विशेष न्यायाधीश ई 0 सी 0 एक्ट . बदायूँ पूर्व समस्त न्यायिक अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण को कोविड -19 के दिशा - निर्देशों के अन्तर्गत मास्क पहनना अनिवार्य है । मास्क न लगाने पर न्यायालय परिसर में प्रवेश पूर्णतया वर्जित हैं । 7- सुरक्षा अधिकारी , न्यायालय परिसर , जनपद न्यायालय , बदायूँ को निर्देशित किया जाता है कि वह न्यायालय परिसर में कोविड -19 के दिशा - निर्देशों का पूर्णतया पालन कराया जाना सुनिश्चित करें । 2 जनपद न्यायालय , बदायूँ में कार्यरत गर्भवती महिला न्यायिक अधिकारी / महिला कर्मचारी को न्यायालय / कार्यालय में उपस्थित होने की छूट प्रदान की जाती है यदि आवश्यकता होती हैं तो घर पर रहकर ही कार्य करने की अनुमति होगी । वादकारीगण एवं उनके साथ आने वाले अन्य व्यक्तियों / महिलाओं का न्यायालय में प्रवेश पूर्णतया प्रतिबन्धित रहेगा। अपवादिक परिस्थितियों में वादकारीगण जनपद न्यायाधीश से पूर्व अनुमति लेकर ही न्यायालय परिसर में प्रवेश की अनुमति होगी। नोडल अधिकारी, कम्प्यूटर को निर्देशित किया गया है कि यह यह आदेश जनपद न्यायालय , बदायूँ की बेवसाइट पर अपलोड कराया जाना सुनिश्चित करें। यह दिशा - निर्देश दिनांक 31.01.2022 से अग्रिम आदेश तक प्रभावी रहेंगे।

# 20 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ एक गिरफ्तार



प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- प्रभारी निरीक्षक सन्तोष कुमार तिवारी मय थाना स्थानीय की पुलिस टीम क्षेत्र भ्रमण शील थे कि बलुहा पुल से पंडित पुरवा जाने वाली रोड के पास से अभियुक्त राजेश पुत्र विलास निवासी पश्चिमी केवटनपुरवा सेमगढ़ा थाना इकौना जनपद श्रावस्ती को 20 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरूद्ध थाना इकौना पर मु0अ0सं0 24/22 धारा 60 आबकारी अधिनियम मे अभियोग पंजीकृत किया ।